सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा-न्यू अर्बन इंडिया कॉन्क्लेव सफलता की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा

# यूपी तेजी से बन रहा स्मार्ट प्रदेश: योगी

लखनऊ | विशेष संवाददाता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को 'आजादी @ 75 नया शहरी भारतः शहरी परिदृश्य में बदलाव' सम्मेलन-सह-एक्सपो में कहा कि अर्बनाइजेशन बदलते समय की मांग हैं। प्रधानमंत्री ने सदैव शहरी क्षेत्रों में बेहतर ट्रांसपोर्ट सिस्टम पर बल दिया है। प्रदेश में 40 इलेक्ट्रिक बसें पहले से संचालित हैं। आज पुनः प्रधानमंत्री के हाथों से 75 स्मार्ट इलेक्ट्रिक बसों का संचालन प्रारंभ हुआ है। प्रधानमंत्री के कुशल मार्गदशन में यूपी स्मार्ट प्रदेश बनने की ओर तेजी से अग्रसर है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि तीन दिवसीय 'कॉन्फ्रेंस एवं एक्सपो' सफलता की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। इसके माध्यम से दूसरे राज्यों के अच्छे प्रयासों और प्रयोगों को भी हम अंगीकार करने में सफल होंगे। योगी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन का शुभारंभ किया था। इस मिशन ने न केवल नारी गरिमा की सुरक्षा की है, अपितु 'स्वस्थ भारत' की परिकल्पना को भी साकार किया है। वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में 2 करोड़ 61 लाख से अधिक व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण हुआ है। कानपुर में नवम्बर तक मेट्रो का संचालन हो जाएगा। आगरा मेट्रो का निर्माण कार्य भी युद्धस्तर पर जारी है। रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के तहत दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर का निर्माण प्रगति पर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 01 अक्टूबर, 2021 को स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) एवं अमृत योजना के द्वितीय चरण का शुभारम्भ किया है। इसके तहत नगरीय क्षेत्रों को कचरे मुक्त बनाएंगे।



अपर मुख्य सचिव नगर विकास डॉ. रजनीश दुबे ने पीएम को स्मार्ट सिटी, स्वच्छ भारत मिशन और अमृत योजना में हुए कामों पर लगी प्रदर्शनी के बारे में बताया।

## रजनीश दुबे ने किया सफल संचालन

अपर मुख्य सचिव नगर विकास डा. रजनीश दुबे ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए स्मार्ट सिटी, स्वच्छ भारत मिशन और अमृत योजना में हुए कामों की लगाई गई प्रदर्शनी को भी दिखाया। पीएम ने नगर विकास विभाग द्वारा स्वच्छ भारत मिशन में लगाए गए पहले प्लास्टिक प्लांट की भी सराहना की।

**काम को सराहा**

## पीएम स्वनिधि योजना में लखनऊ देश में नंबर वन

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'न्यू अर्बन इंडिया कॉन्क्लेव' में मुख्यमंत्री का पांच बार नाम लेकर उनकी खूब सराहना की। उन्होंने कहा कि सीएम योगी के प्रयासों से कोरोना काल में गरीबों को संबल देने वाली पीएम स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने योगी की तारीफ करते हुए कहा कि यूपी के तीन शहरों ने इस योजना में उत्कृष्ट काम किया है।

लखनऊ इसमें सबसे आगे रहा है। लखनऊ में 60367 पटरी दुकानदारों को 60.70 करोड़ रुपये लोन दिलाकर नगर निगम ने यह उपलब्धि हासिल की है। मोदी ने इसके लिए लखनऊ नगर निगम की प्रशंसा की। देश में नंबर वन बनने में नगर निगम ने कड़ी मेहनत की।

नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी ने इसके लिए काफी काम किया। नगर निगम तथा डूडा की टीम से मोहल्ले मोहल्ले शहरी पथ विक्रेताओं का सर्वेक्षण कराया। इसके बाद 96 हजार पथ विक्रेताओं के आवेदन भरवाए। 30 सितंबर तक 60367 पथ विक्रेताओं को 60.70 करोड़ रुपये के कर्ज वितरित करा दिए गए हैं।

मार्च 2020 तक नगर निगम में 36,000 पत्र विक्रेताओं को इस योजना में सहायता उपलब्ध कराई गयी थी और देश में पहला स्थान प्राप्त किया था। बाद में इनकी संख्या और बढ़ गई। नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि यह सब नगर निगम कर्मचारियों अधिकारियों की मदद से संभव हुआ।